भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.07.2024

# आरेडिका महाप्रबंधक ने किया टाइप 2 एवं टाइप 3 कॉलोनी का निरीक्षण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में टाइप–2 एवं टाइप 3 क्वार्टर के पार्कों में बच्चों की खेलकूद तथा व्यायाम सुविधाओं के विस्तार का महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक पी के मिश्रा की प्रेरणा से क्वार्टर में किचन कैबिनेट एवं वार्डरोब लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत टाइप 2 एवम टाइप 3 के ब्लॉक को मॉडल ब्लॉक के रूप में डेवलप किया गया।

टाइप–2 एवम 3 के पार्क एवम क्वॉर्टर में लगी सुविधाओं को देख कर बच्चों तथा कॉलोनी वासियों ने खुशी एवं संतोष जाहिर किया तथा महाप्रबंधक महोदय का आभार जताया, महाप्रबंधक महोदय ने बच्चों एवं महिलाओं से बात–चीत की।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने टाइप 2 में बने कम्यूनिटी शेड को भी देखा तथा इसके आस पास सौन्दर्यीकरण तथा अन्य सुविधावों के विकास के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसी कड़ी में आगे प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी महोदय ने कॉलोनी में वृक्षारोपण को संरक्षित करने, गार्डनरी एवं किचिन गार्डन को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार देना प्रारम्भ करने के लिए सुझाव दिया। महाप्रबंधक महोदय ने सुझाव को सराहा एवं संबंधित विभागों को पुरस्कार प्रारम्भ करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, सिविल विभाग, विद्युत विभाग, एवं सामान्य प्रशासन के सभी अधिकारी, तथा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

20.7.2024

(आर.एन.तिवारी )

मुख्य जन संपर्क अधिकारी